**Regarding need to take stringent action against companies involved in production and sale of spurious fertilizers and seeds- laid**

श्री राहुल कस्वां (चुरू) **:** हाल ही में राजस्थान राज्य के विभिन्न जिलों में छापेमारी के दौरान नकली खाद और बीज बनाने वाली कई फैक्ट्रियाँ पकड़ी गईं । इन फैक्ट्रियों में लाखों की संख्या में नकली यूरिया, DAP और नकली बीजों के कट्टे जब्त किए गए । इनमें से कुछ उत्पाद जानी-मानी कंपनियों के नाम से डुप्लीकेट लेबल लगाकर ग्रामीण क्षेत्रों में बेचे जा रहे थे । यह एक प्रकार का कृषि धोखाधड़ी का संगठित गिरोह है, जो किसानों की मेहनत, भूमि की उर्वरता और देश की खाद्य सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहा है । नकली खाद और बीजों के कारण किसान फसल नुकसान, कर्ज में डूबना, और आत्महत्या तक की स्थिति में पहुँच रहे हैं । अतः मैं सरकार से मांग करता हूँ कि नकली खाद-बीज बनाने और बेचने वाली इकाइयों की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान और बंद करवाने हेतु सघन जांच अभियान चलाया जाए । इस पूरे नेटवर्क की CBI या ED से स्वतंत्र जांच कराई जाए । जिन कंपनियों के नाम पर नकली माल बनाया गया, उन कंपनियों से भी जवाबदेही ली जाए कि वे आपूर्ति श्रृंखला पर कैसे नियंत्रण कर रही हैं । किसान राष्ट्र की रीढ़ हैं, और उनके साथ धोखा केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अपराध है । सरकार को इसे प्राथमिकता से लेना होगा ।